# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 519 वर्ष 41

राँची, 31 जुलाई, 2017


# पिपरवार–मैक्लुस्कीगंज राजधर साइंडिग रेल परियोजना राष्ट्र को समर्पित

## कोयला सचिव श्री सुशील कुमार ने राजधर साइडिंग का उद्घाटन किया



कोयला सचिव श्री सुशील कुमार राजधर साइडिंग का उद्घाटन करते हुए साथ में सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य



फ्लैग ऑफ करते हुए कोयला सचिव श्री सुशील कुमार साथ में सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य



कोयला सचिव श्री सुशील कुमार का स्वागत करते ग्रामीण

पिपरवार क्षेत्र के बहुलंबित पिपरवार–मैक्लुस्कीगंज रेल परियोजना के अंतर्गत राजधर साइडिंग का उदघाटन विगत 08 जुलाई को कोयला सचिव श्री सुशील कुमार ने किया। परियोजना को पूर्ण करने में राज्य सरकार का विशेष योगदान रहा है।

कोयला सचिव के मार्गनिर्देशन एवं सीएमडी सीसीएल के अथक प्रयास से बहुप्रतिक्षित परियोजना राजधर साइंडिग के उद्घाटन के साथ ही सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की वर्षों पुरानी पिपरवार–मैक्लुस्कीगंज रेल लाईन पर मालगाड़ी का परिचालन प्रारंभ हो गया। राजधर साइंडिग डिस्पैच एवं कोयला ढुलाई प्रारंभ होने के साथ ही सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र ने एक और नया इतिहास अपने नाम कर लिया। इस परियोजना के आरंभ होने से लगभग 100 करोड़ रूपये की बचत होगी। इसी तरह टोरी–शिवपुर साइडिंग का कार्य जून, 2018 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर कोयला सचिव श्री सुशील कुमार ने सीसीएल प्रबंधन, राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं आमजन को इस ऐतिहासिक परियोजना के शुभारंभ के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न सिर्फ ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आयेगी बल्कि इससे कोयला प्रेषण की लागत में भी कमी आयेगी जिससे उपभोक्ताओं विशेषकर बिजली कंपनियों को लाभ मिलेगा।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए कहा कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से यह साइडिंग निश्चय ही उपयोगी साबित होगी। पिछले कुछ वर्षों में सीसीएल प्रबंधन के अथक प्रयास और राइटस के सहयोग से अंततः परियोजना को गति मिली और इसे देश को समर्पित किया गया। सीसीएल के लिए पर्यावरण संरक्षण सदैव प्राथमिकता रहा है और इस दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस परियोजना से ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन (प्रति वर्ष लगभग 8200 टन) में काफी कमी आयेगी एवं सड़क परिवहन से संबंधित समस्याओं जैसे वायू प्रदूषण, धूल आदि भी नियंत्रित होगी। परियोजना का लाभ मुख्य रूप से उपभोक्ताओं को मिलेगा और विशेषकर बिजली कंपनियों को मौद्रिक बचत होगी, साथ ही साथ रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होंगे।

इससे पूर्व राजधर साइंडिग पहुंचने पर कोयला सचिव श्री सुशील कुमार, सीएमडी श्री गोपाल सिंह, उपायुक्त (चतरा), श्री संदीप सिंह, पुलीस अधीक्षक (चतरा), अंजनी कुमार झा एवं निदेशक(वित)श्री डी.के. घोष, निदेशक (का.) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री सुबीर चन्द्रा, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा, श्री संजय कुमार वरीय डीओएम, (धनबाद), का स्वागत ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर किया।

## फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण



निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र बैठक के दौरान उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

मुख्यालय के ''विचार मंच'' में विगत 11 जुलाई को सीसीएल प्रबंधन और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के ग्रामीण फुटबॉल टीम के कप्तानों जो सीसीएल के ब्रांड एम्बेसडर भी हैं, के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सीसीएल अपने ग्रामीण क्षेत्रों के 250 टीमों के खिलाड़ियों को "विकास भारती" के सहयोग से मोबाईल मरम्मति, डाटा इंट्री, टेलरिंग, इलेक्ट्रिशियन, खादय प्रसंस्करण आदि की तिमाही प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण स्वंयसेवी संस्थान "विकास भारती" निःशुल्क प्रदान करायेगा एवं अन्य खर्च सीसीएल वहन करेगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र ने कहा कि यह बैठक युवाओं के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम खेल के साथ–साथ इन युवाओं के जीविकोपार्जन के लिए भी कार्य कर रहें हैं और इस दिशा में यह एक अहम कदम है। उन्होंने विकास भारती द्वारा दिये गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित फुटबॉल टीम के कप्तानों से इस योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा अन्य युवाओं तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में विकास भारती के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण तीन माह का होगा और युवाओं को 30–30 के बैच में उनकी रूचि एवं शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अलग–अलग ट्रेड में प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत इन्हें रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जायेंगे साथ ही साथ इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार के लिए पेशेवर तरीके से वित्तीय, तकनीकी मदद भी प्रदान किया जायेगा। सभी छात्रों का पंजीकरण आधार नम्बर पर आधारित होगा। यह योजना पांच केंद्रों – गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा एवं गुमला में चलाया जायेगा, साथ ही रांची केंद्र पर युवतियों के लिए उपरोक्त योजना क्रियान्वित की जायेगी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त ट्रेड में प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिया जायेगा।

## तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन



माननीय श्री बी.बी. सिंह योग के बारे में बताते हुए

सीसीएल के जवाहर नगर कॉलोनी स्थित "योग मंदिर" में विगत 03 से 07 जुलाई तक आर्ट ऑफ लिविंग रांची चैप्टर द्वारा तनाव प्रबंधन (Stress Management ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत न्यायाधीश माननीय श्री बी.बी. सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी ने उपस्थित सभी को व्यवहारिक रूप से तथा सैद्वांत्तिक रूप से आम जीवन में तनावमुक्त कैसे रहा जाय पर विस्तार से बताया तथा योग के विभिन्न मुद्राओं के साथ सुदर्शन क्रिया का अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा कि ध्यानपूर्वक श्रवण करना, मनन करना सकारात्मक सोच रखना और उस पर अमल करना आवश्यक है।

सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में तनाव को कम करते हुए अपने दैनिक जीवन में घर के साथ–साथ कार्यालय में कैसे तनावमुक्त रहा जाय, इस कार्यक्रम को करने जानने के बाद निश्चय ही लाभ मिलेगा और इस तरह के कार्यक्रम वर्तमान परिपेक्ष्य में जरूरी है।

❋ मनुष्य जीवन अनमोल निधि है, पुण्य का प्रसाद है। हम केवल अपने लिए न जिएं, औरों के लिए भी जिएं। जीवन जीना एक कला है, एक विज्ञान है। दोनों का समन्वय आवश्यक है। ❋

– पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित।

(आंतरिक वितरण हेतु)